## एक नजर में

### सेवा केन्द्र पर मनाया नववर्ष

**ब्यावरा 20 मार्च, का.** ब्रह्माकुमारीज शहीद कॉलोनी सेवाकेंद्र पर हिंदी नववर्ष एवं चेत्र नवरात्रि पर्व पर कार्यक्रम रखा गया. आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी मधु दीदी ने कहा कि हमारे अंदर भी अष्ट शक्तियां, देवी गुण है अगर इन्हीं गुणों और शक्तियों को सदैव याद रखें तो कभी भी भेदभाव नहीं होगा. सेवाकेंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने नीम, मिश्री का प्रसाद देते हुए कहा कि कड़वाहट के साथ–साथ मिठास भी जीवन में जरूरी है. नीम हमारे शरीर की आंतरिक कीटाणु को भी नष्ट करता है, वहीं मिश्री मिठास भरता है और ठंडकता भी देता है. इस अवसर पर वरिष्ठ एडवोकेट चंद्रकांत त्रिपाठी, गिरिराज दांगी, बद्रीलाल, लक्ष्मी नारायण दांगी, अमृतलाल, रवि, वैभव गुप्ता सहित मातृशक्ति तथा ब्रह्माकुमारी तेजस्वी दीदी, सुरेखा दीदी, ज्योति दीदी,उमा दीदी, कविता दीदी उपस्थित रहे.

### गुर्जर गौड़ ब्राहमण समाज ने निकाला चल समारोह

**नरसिंहगढ़ 20 मार्च, सं.** गुरुवार को गुडी पडवा के पावन पर्व पर गुर्जर गौड़ ब्राहमण समाज द्वारा महर्षि गौतम की जयंती पर भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया. नगर के भंडारी उघान से महर्षि गौतम की झांकी सजाकर गाजे बाजे के साथ चल समारोह मंगलवारिया, चम्पी, चारबति चोराहा, पाण्डव चोराहा, छारबाग, दीनाजी चोराहा होते हुए साहू समाज धर्मशाला पहुंचा. चल समारोह में समाज के पुरूष वर्ग सफेद वस्त्र एवं महिलाएँ लाल चुनरी में चल रही थी. महर्षि गौतम की जगह–जगह आरती उतारी गई. भंडारी उघान मे समाज द्वारा महर्षि की सामुहिक आरती उतारी गई एवं वार्षिक सभा का अयोजन किया गया. कार्यक्रम में समाज की बुजुर्ग महिलाओं एवं प्रतिभावान विघार्थियो का अभिनंदन किया गया. इस अवसर पर राजेंद्र उपाध्याय, भूपेंद्र त्रिवेदी, विनोद उपाध्याय, राजेंद्र द्विवेदी, चेतन त्रिपाठी, अमरनाथ शर्मा, शिरीष उपाध्याय, भगवानदास शर्मा, सुनील द्विवेदी, प्रदीप शर्मा, प्रमोद तिवारी, राजेंद्र शर्मा, अशीष शर्मा, महेश त्रिवेदी, ललित शर्मा, दिलीप शर्मा, संजय शर्मा, प्रदीप पंचोली, विशाल द्विवेदी, गोविंद जोशी आदि उपस्थित थे.

### भजनों के माध्यम से हिंदू नव वर्ष मनाया गया

**सारंगपुर 20 मार्च, सं.** प्रभु स्मरण ग्रुप द्वारा रामायण भवन पर हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्रि का पर्व भक्ति भाव भजन संध्या के रूप में मनाया. सर्वप्रथम ग्रुप के संरक्षक बाबूलाल पुष्पद, घीसुलाल पुष्पद द्वारा योग योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की. सर्वप्रथम गणेश वंदना, कोई ले तो निंद्रा बेच दू की प्रस्तुति गौरव पुष्पद, जय जय जग जननी मां मनोज सोनी द्वारा दी गई. उसके बाद धारा जो बह रही है मां तेरे नाम की ऋषि उपाध्याय, अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो आनंद वात्रे, महेंद्र मांडले हे नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम एवं दीपक पुष्पद तारागंज राम कहने का मजा जिसकी जुबां पर, बाबूलाल पुष्पद चेत गुमानी दुबारा जन्म ना मिले. आये अतिथियों का स्वागत वैभव पुष्पद ऋषि उपाध्याय द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर किया. स्वागत ग्रुप की ओर से अंग वस्त्र माला पहनकर स्वागत किया. ग्रुप के साजिंदो द्वारा मधुर एवं कर्णप्रिय प्रस्तुति दी गई. तबले पर सुनील राव हारमोनियम पर गौरव पुष्पद, शहनाई पर रफीक मास्टर ग्रुप संगत दी.

# कटाई के समय फसल पर आई आफत

## जिले में कई जगह आंधी, बारिश ने बढ़ाई चिंता, खेतो में कटी फसल को बचाने में जुटे किसान



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 20 मार्च, का. वर्तमान में फसल कटाई का कार्य चल रहा है. ऐसे समय एकाएक बदले मौसम के मिजाज ने चिंतित कर दिया है. गुरुवार की रात्रि को आंधी और बारिश होने से खेतों में कटी फसल पर मानो आफत आ गई.**

गौरतलब है कि इन दिनों विशेषकर गेहूं फसल की कटाई का कार्य जारी है, पक चुकी फसल की कटाई की जा रही है लेकिन एकाएक बदले मौसम के मिजाज ने चिंता बढ़ा दी है. गुरुवार की रात्रि को तेज हवाओं के साथ बारिश होने से फसलों पर संकट के बादल छा गये.

**अधिकांश जगह खेतो में ही पड़ी फसल** – नगर सहित आसपास एवं जिले में फसल कटाई का कार्य जारी है. गेहूं फसल कटाई के बाद अभी खेतो मे पड़ी है, ऐसे में अचानक हुई बारिश और आंधी ने फसल पर संकट के बादल खड़े कर दिए. बारिश होते ही किसान फसल का बचाने में जुट गये. अधिकतर तिरपाल, बरसाती से खेतों में मौजूद फसल को ढंक कर बचाया. फिलहाल मौसम को लेकर चिंता बनी हुई है, मौसम विभाग के अनुसार एक–दो दिन ऐसा ही मौसम रहने के आसार बताए जा रहे है.

### जम्पर जले, बिजली सप्लाई प्रभावित

तेज हवा एवं बारिश के चलते गुरुवार की रात्रि में शहीद कॉलोनी स्थित सब स्टेशन एवं राजगढ़ बायपास रोड स्थित फीडर पर जम्पर जलने से बिजली सप्लाई प्रभावित हुई. इसी प्रकार तेज हवा के कारण कई जगह लाइन केबल में खराबी आने से कार्यालय में प्रतिदिन आने वाली कम्पलेंट की संख्या भी बढ़ी है.

### बदला रहेगा मौसम का मिजाज


मौसम विभाग राजगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार फिलहाल दो दिन 22 मार्च तक जिले में भी मौसम का मिजाज बदला रहेगा. तेज हवाओं के साथ बारिश के आसार है. इससे भी फसलों को लेकर चिंता बढ़ी है, खेतो में कटी फसल को बचाने में जुट गये है. उधर कृषि विभाग का कहना है कि फिलहाल क्षेत्र में बारिश, तेज हवाओं से फसलों को नुकसान की जानकारी नहीं है, किंतु मौसम को देखते हुए खेतो में कटी फसल को सुरक्षित कर लिया जाये ताकि किसी प्रकार के नुकसान से फसल बच सके.

### प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में हुए धार्मिक आयोजन

**पड़ाना 20 मार्च, सं.** नगर के जाटव मोहल्ला स्थित प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में इच्छापूर्ति हनुमान जी का आकर्षक श्रंगार किया गया. इस दौरान हनुमान चालीसा सुंदरकांड का पाठ किया. पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ एकदिवसीय रामायण पाठ समापन के बाद हवन राजू शर्मा द्वारा किराया. धर्मेंद्र सक्सेना, मोहन पाटीदार, हेमंतपुरी गोस्वामी, गोविंद परमार मनोज शर्मा मोहन परमार राधेश्याम शर्मा पूर्णाहुति में शामिल होकर नगर की सुख–समृद्धि की कामना की. इस दिन को ब्रह्मा द्वारा सृष्टि की रचना के रूप में भी मनाया जाता है. लोग अपने घरों को सजाते हैं, चैत्र नवरात्र में हनुमान जी की पूजा एवं आराधना से केवल मानसिक और शारीरिक शक्ति मिलती है बल्कि देवी दुर्गा की विशेष कृपा भी प्राप्त होती है. साथ ही राहु और शनि के प्रभाव से मुक्ति मिलती है. हनुमान जी की पूजा सकारात्मक लाती है और बुरी शक्तियों से बचाव करती है.

# तेज रफ्तार कार स्ट्रीट लाइट के पोल से टकराई

## कार के एयरबैग खुलने से सभी लोग सुरक्षित



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 20 मार्च, सं. नगर के सबसे व्यस्ततम इंदर चौराहा पर गुरुवार की रात करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार कार स्ट्रीट लाइट के पोल में सीधे जा टकराई. टक्कर इतनी भीषण थी की कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और पोल टूट कर नीचे गिर गया. कार के एयरबैग खुलने से सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए.**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार काफी तेज रफ्तार में थी. टक्कर के बाद जोर से धमाका हुआ जिससे आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए. हालांकि टक्कर के तुरंत बाद कार के एयरबैग खुल गए. जिससे कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए. टक्कर इतनी भीषण थी कि स्ट्रीट लाइट का पोल टूट कर निचे गिर गया और कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया.

कार हरियाणा की बताई जा रही है जिसके नम्बर एच आर 700––2384 है, जो क्षेत्र में गेहूं काटने की हार्वेस्टर लेकर आए हैं. इस मामले में पुलिस थाने में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ.

# मां आशापुरी के दरबार में चल रही राम कथा



नवभारत न्यूज

**पड़ाना 20 मार्च, सं. चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नौ दिवसीय श्री राम कथा का संगीतमय आयोजन चल रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है.**

मां आशापुरी मंदिर परिसर में मां आशापुरी मित्र मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजन 17 मार्च से शुरू हो गया है. कथा का समय दोपहर 12 से दोपहर 3 बजे तक है.

कथा का वाचन सुश्री अर्चना दीदी देवास द्वारा किया जा रहा है, कथा के दूसरे दिन सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागृत करते हुए रामचरितमानस के बारे में विस्तार से बताते हुए श्री राम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया.

शिव–पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया गया. माता सती के त्याग का वर्णन किया. कथा के दौरान भजनों पर लोगों ने भाव विभोर होकर नृत्य किया.

बड़ी धूमधाम से शिव और पार्वती का विवाह संपन्न हुआ. कथा पांडाल में भजनों के साथ ही हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे.

### प्रजापति समाज का विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को

**ब्यावरा 20 मार्च, का.** प्रजापति समाज का तृतीय जिला स्तरीय आदर्श सामूहिक नि:शुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन सभी समाजजनों के सहयोग से ब्यावरा तहसील के ग्राम चाठा में सम्पन्न होगा. पूरा सम्मेलन नि:शुल्क रखा गया है जिसमें वर वधु पक्ष से कोई राशि नहीं ली जायेगी. यह सम्मेलन प्रजापति समाज के जनसहयोग से सम्पन्न होगा. सम्मेलन 20 अप्रैल सोमवार को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक सम्पन्न होगा. सम्मेलन में वर–वधु के पंजीयन हो रहे है. जिसमें वर की आयु 21 वर्ष और वधु की आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है.

# गौतम जंयती पर नगर में निकाली शोभायात्रा



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 20 मार्च, सं. स्थानीय गुर्जर बाहमण समाज के द्वारा श्री महर्षि गौतम जयंती धूमधाम से मनाई गई. तत्पश्चात नगर में विशाल शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से निकाली गई. जिसमें चलित झांकी महिला पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया.**

समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया. रामायण परायण का पाठ धर्मशाला में किया गया. इस मौके पर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी की नियुक्ति हुई. जिसमें सर्वसम्मति से मनोज उपाध्याय को अध्यक्ष नियुक्त किया गया. शेष कार्यकारिणी गत वर्ष की भांति ही सक्रिय रूप से कार्य करती रहेगी. जिला गुर्जर गोंड ब्राह्मण महासभा द्वारा श्रीमती वंदना शर्मा को जिला उपाध्यक्ष एवं श्रीमती रश्मि उपाध्याय को तहसील अध्यक्ष जीरापुर नियुक्त किया. समाज कोषाध्यक्ष घनश्याम तिवारी ने वार्षिक आय व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया तथा समाज के सदस्य रामेश्वर दयाल तिवारी एवं हनुमान प्रसाद जोशी ने समाज उत्थान एवं धर्मशाला के निर्माण तथा रखरखाव की बात रखी. संचालन पं. अनुराग आचार्य ने किया.

# भगवान से मिलने का दर्द ही भक्ति की शुरुआत



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 20 मार्च, सं.** स्थानीय पीलाखाल मैदान पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम सौंपान में कथा वाचक प्रेमनारायण गेहूंखेड़ी ने कहा कि जितना भगवान से मिलने में हृदय में दर्द विरह होगा. उतनी ही प्रभु के लिए जगह बनेगी. उन्होंने कहा कि जैसे मां की याद आने पर हृदय में पीड़ा होती है. वैसे ही परमात्मा का स्मरण करने से भीतर प्रेम जागृत होता है.

उन्होंने कहा कि यदि भगवान शरण देते हैं तो महात्मा ज्ञान देते हैं. भगवान हमारे अपने हैं. इसलिए उनके लिए हृदय में प्रेम और विरह का भाव जरूरी है. बिना पीड़ा के जैसे नारी मां नहीं बन सकती, वैसे ही बिना हृदय में दर्द उठे भगवान की प्राप्ति संभव नहीं है.

मनुष्य को बड़े पद पर बैठकर अहंकार नहीं करना चाहिए. क्योंकि बड़े वाहन में तो मुर्गे मुर्गी भी बैठते हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता होता कि वे कहां जा रहे हैं.

**कर्तव्य और कर्ज न रखें अधूरा**

जीवन में कर्तव्य और कर्ज कभी नहीं रखना चाहिए. आज के समय में कर्तव्यबोध की कमी ही अशांति का कारण है. यदि मनुष्य भगवान को नहीं भूलता, तो भगवान भी उसे कभी हारने नहीं देते. इसलिए जीवन में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करना चाहिए. सुनील सरावत मित्र मंडल द्वारा आयोजित कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. इस दौरान मंत्री नारायण सिंह पंवार, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, जगदीश पंवार, अमित शर्मा, नारायण सिंह सालरिया खेड़ी, मोहन पंवार, पर्वत सरपंच, प्रदीप परमार, राजू यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे.

### तीन दिन बंद रहेगी मंडी

**ब्यावरा 20 मार्च, का.** स्थानीय कृषि मंडी में आज से तीन दिन तक अवकाश रहेगा. मंडी प्रबंधन के अनुसार आज 21 मार्च को ईद, कल 22 मार्च को माह का चौथा रविवार तथा 23 मार्च सोमवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा. मंडी प्रबंधन ने किसान भाईयो से इन तीन दिन अपनी फसल बिक्री करने हेतु मंडी में नहीं लाने का आग्रह किया गया है.

# हमारे अंदर भी अष्ट शक्तियां देवी गुण है जिन्हें सदैव याद रखें



नवभारत न्यूज

**तलेन 20 मार्च, सं.** ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र पर हिंदी नववर्ष एवं चेक नवरात्रि पर्व कार्यक्रम रखा गया. जिसमें आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी मधु दीदी ने कहा कि हमारे अंदर भी अष्ट शक्तियां देवी गुण है अगर इन्हीं गुणों और शक्तियों को सदैव याद रखें तो कभी भी जाति धर्म रंग, रूप का भेदभाव नहीं होगा. क्योंकि देवताओं के अंदर प्रेम और सद्भावना पवित्रता होता है. उनके चेहरे बहुत रॉयल होते हैं. तभी तो हम मंदिरों में उनकी पूजा करते हैं. अगर सभी शक्तियां और गुण हमारे अंदर भी आ जाए तो हम कभी दु:खी निराश या कमजोर नहीं होंगे. ऐसे आदरणीय दीदी ने हमें ज्ञान की बातें सुनाइए. सभी को बधाई दी एवं शुभकामनाएं दिए. जिसमें ब्रह्माकुमारीज से जुड़े कैलाश भाई, अरुण अग्रवाल, डां शिव नारायण साक्शेना, मोनोहर सोनी एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति तथा ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी, देव दीदी, सुरेखा दीदी, उमा दीदी, कविता दीदी उपस्थित रहे. अंत में मात्र शक्तियों के द्वारा राजयोगिनी मधु दीदी के सहित सभी दीदीयों का दुपट्टा, फूलों का हर से एव श्रीफल देकर स्वागत किया गया.



# सिलेंडर नहीं मिलने से होटल व्यवसाय पर संकट

## नगर में दर्जन भर होटल बंद और भी बंद होने की कगार पर

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 20 मार्च, का. बीते एक पखवाड़े से अधिक समय से नगर में कमर्शिलय गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण होटल व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो गया है. दर्जन भर होटल बंद हो चुकी है वहीं और भी कई होटल बंद होने की कगार पर है.**

गौरतलब है कि नगर में कमर्शियल गैस सिलेंडर बीते एक पखवाड़े से अधिक समय से नहीं मिल पा रहे है. सिलेंडर के अभाव में होटल व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. एक दर्जन होटल कई दिनों से बंद हो गई है. वहीं कई होटल बंद होने की स्थिति में आ चुकी है. सिलेंडर नहीं मिलने से होटल व्यवसायी काफी चिंतित है.

### विगत दिवस प्रशासन के समक्ष रखी थी समस्या

कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से आ रही परेशानी को लेकर 17 मार्च को होटल हलवाई संघ द्वारा एसडीएम से मिलकर समस्या को रखा था. उस दौरान आश्वस्त किया गया था कि समस्या का जल्द निराकरण कर लिया जाएगा. परन्तु शुक्रवार तक होटल व्यवसाईयों को कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो सके. जानकारी के अनुसार कई होटल पर स्थित सिलेंडर खत्म होने को है ऐसे में कई और होटल बंद होने की स्थिति में है.

### इमरजेंसी के लिए आये मात्र 20 सिलेंडर

स्थानीय गैस एजेंसी संचालक के अनुसार फिलहाल 20 कमर्शियल गैस सिलेंडर दिए गये है जो कि इमरजेंसी सेवा अस्पताल आदि के लिए निर्धारित कोटे के लिए है. फिलहाल होटल संचालकों के लिए कमर्शियल सिलेंडर नहीं आये है.

**जल गंगा** ▶ **जनभागीदारी से बढ़ेगी जागरुकता, सुरक्षित होगा भविष्य का जल**

# अभियान में श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 20 मार्च, का. शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन एवं जन जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियां सतत् रूप से संचालित की जा रही है. इसी क्रम में विकासखंड राजगढ़ के ग्राम तोतिपुरा में आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम श्रमदान कर अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने का संदेश दिया गया.**

ग्राम तोतिपुरा में आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने स्वयं श्रमदान कर अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने का संदेश दिया. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि जल संरक्षण केवल शासन का कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है. जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे परंपरागत जल संरचनाओं के संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं जल के समुचित उपयोग के प्रति सजग रहें, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो.

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, संदीप सोनी, जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पंवार सहित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों ने श्रमदान कर अभियान में सहभागिता निभाई.

आमजन को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा आओ, सब जुड़ें के संदेश के साथ सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया. अभियान के अंतर्गत जिले भर में जल स्त्रोतों की साफ–सफाई, गहरीकरण, बोरी बंधान एवं अन्य संरक्षणात्मक गतिविधियों के माध्यम से जल संरचनाओं को पुनर्जीवित किया जा रहा है.

### अभियान से जुड़ने की अपील

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर जल संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, जब सब जुड़ेंगे, तब ही जल बचेगा, धरती बचेगी और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा.

# बिजली तार की चपेट में आई बालिका की मौत

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 20 मार्च, का.** भोजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खाजला गांव में एक दर्दनाक हादसे में 8 वर्षीय मासूम बच्ची की करंट लगने से मौत हो गई. घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है. जिससे पूरे गांव में शोक का माहौल है.

जानकारी के अनुसार, राधिका नाम की बच्ची घर पर मैगी खाने के बाद खेलने के लिए बाहर गई थी. गांव की गली में एक बिजली का तार टूटा हुआ लटक रहा था. खेलते समय बच्ची ने अनजाने में उस तार को पकड़ा, जिससे वह करंट की चपेट में आ गई. घटना के तुरंत बाद परिजन और ग्रामीण बच्ची को गंभीर हालत में खिलचीपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. शुक्रवार पोस्टमार्टम किया गया. मृतका के पिता किशन लाल तंवर, निवासी देहरा ने बताया कि उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी थी. जिसमें राधिका सबसे बड़ी थी. वह खाजला गांव में अपने नाना के पास रहकर पहली कक्षा में पढ़ाई कर रही थी. एक दिन पहले ही उसकी गणित की परीक्षा हुई थी और अचानक हादसे की खबर मिली. पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है. वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में खुले और टूटे बिजली तारों को तत्काल ठीक कराया जाए. ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके.